# अमेरिकी हमले में मारे गए मेजर जनरल कासिम सुलेमानी

**हवाई हमला**

## कासिम को अमेरिका के बड़े दुश्मनों में शुमार किया जाता था

उन्होंने कुर्द लड़ाकों और शिया मिलिशिया को एकजुट करने का काम किया था





**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बगदाद। फ्लोरिडा में अपने घर पर छुट्टियां मना रहे अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार आधी रात (भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 8 बजे ) एक ट्वीट किया। इसमें ट्रंप ने एक शब्द नहीं लिखा, बस अमेरिका के झंडे को पोस्ट भर कर दिया। दरअसल ट्रंप के इस ट्वीट की क्रोनोलॉजी इराक के बगदाद में अमेरिकी सेना के उस एयर स्ट्राइक से जुड़ी थी, जिसमें उसने ईरान के सबसे ताकतवर जनरल कासिम सुलेमानी को मार डाला।

इस हमले के कुछ घंटे बाद ही किया गया ट्रंप का यह ट्वीट विजयी जश्न और ईरान के लिए संदेश के तौर पर देखा जा रहा है। ईरान की अत्यंत प्रशिक्षित कुद्स फोर्स के प्रमुख सुलेमानी का काफिला बगदाद एयरपोर्ट की ओर बढ़ रहा था, इसी दौरान अमेरिका ने हवाई हमला कर दिया। इस हमले में ईरान समर्थित पॉप्युलर मोबलाइजेशन फोर्स के डेप्युटी कमांडर अबू मेहदी अल मुहांदिस के भी मारे गए। बाद में अमेरिका ने ऐलान भी किया कि सुलेमानी को मारने का आदेश सीधे ट्रंप ने ही दिया था।

ईरान रिवॉलूशनरी गार्ड्स की ही विदेशों में काम करने वाली यूनिट कुद्स फोर्स का जिम्मा संभालने वाले कासिम को अमेरिका के बड़े दुश्मनों में शुमार किया जाता था। अमेरिका के कट्टर प्रतिद्वंद्वी ईरान के लिए वह कितने अहम थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता था कि पश्चिम एशिया में किसी भी मिशन को वही अंजाम देते थे।

**4 दशकों से अमेरिका के लिए सिरदर्द थे कासिम सुलेमानीः** खासतौर पर इराक में उनकी अहम भूमिका थी। बगदाद को इस्लामिक स्टेट के आतंक से बचाने के लिए उनके ही नेतृत्व में ईरान समर्थक फोर्स का गठन हुआ था, जिसका नाम पॉप्युलर मोबिलाइजेशन फोर्स था। सुलेमानी अमेरिका के कितने पुराने दुश्मन थे, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 1980 के दशक में ईरान और इराक के बीच खूनी जंग में उनकी अहम भूमिका थी। इस युद्ध में अमेरिका ने इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन का साथ दिया था।

**इराक में बनाई थी ईरान समर्थक मिलिशियाः** इराक और सीरिया में इस्लामिक स्टेट जैसे खूंखार आतंकी संगठन के मुकाबले उन्होंने कुर्द लड़ाकों और शिया मिलिशिया को एकजुट करने का काम किया था। इराक में ईरान के समर्थन से तैयार पॉप्युलर मोबिलाइजेशन फोर्स को कासिम ने ही तैयार किया था। कासिम सुलेमानी का मारा जाना ईरान के लिए बड़े झटके की तरह है, जो इराक और सीरिया में अमेरिकी दखल के खिलाफ है।

## न्यूज डायरी



### अमेरिका ने क्यूबा के डिफेंस चीफ पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने क्यूबा के रक्षा प्रमुख के अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। मंत्रालय का कहना है कि जनरल लियोपोल्डो सिंट्रा फ्रियास ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के शासन का समर्थन करके मानवाधिकारों का उल्लंघन किया है। मंत्रालय ने कहा कि रिवॉल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेज ऑफ क्यूबा (एमआईएनएफएआर) के प्रमुख जनरल लियोपोल्डो सिंट्रा फ्रियास मादुरो की वामपंथी सरकार को अपदस्थ करने की कार्रवाई में रोड़ा अटकाने के जिम्मेदार हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एमआईएनएफएआर वेनेजुएला में व्यापक स्तर पर मानवाधिकार के उल्लंघन में शामिल है, जिसमें मादुरो के खिलाफ बोलने वाले वेनेजुएला के लोगों के साथ क्रूरता, अमानवीय बर्ताव, दंड और उत्पीड़न शामिल है।

### इंडोनेशिया में बाढ़ में 43 की मौत, लापता लोगों की तलाश कर रहे बचावकर्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। इंडोनेशिया में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के कारण जकार्ता और आसपास के इलाकों में 43 लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मी शुक्रवार को लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं और स्वास्थ्य अधिकारी बीमारियां फैलने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। नए साल से एक दिन पहले हुई भारी बारिश के बाद से अब भी दस से अधिक लोग लापता हैं। भारी बारिश और बाढ़ के कारण राजधानी में कई इलाके जलमग्न हो गए और हजारों लोग बेघर हो गए। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1,92,000 लोगों को अस्थायी शिविरों में पहुंचाया गया है। राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी के प्रवक्ता अगुस विबोवो ने बताया कि जिन लोगों के घर अब भी पानी में डूबे हुए हैं उसने सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा जा रहा है।

### नीरव मोदी की बढ़ी हिरासत, 30 जनवरी को फिर कोर्ट में पेशी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन की एक अदालत ने भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी की हिरासत अवधि गुरुवार को जारी रखते हुए उसे 30 जनवरी को पुनरू पेश होने को कहा। नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ करीब दो अरब डॉलर की ऋण धोखाधड़ी करने तथा मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में भारत में वांछित है। ब्रिटेन में उसके प्रत्यर्पण को लेकर सुनवाई चल रही है। नीरव मोदी को वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत में वैंड्सवर्थ कारावास से प्रत्येक 28 दिन पर होने वाली नियमित पेशी के तहत अदालत के समक्ष पेश किया गया। उसके प्रत्यर्पण संबंधी सुनवाई 11 मई से शुरू होने वाली है और इसके करीब पांच दिन चलने का अनुमान है। डेप्युटी चीफ मजिस्ट्रेट टैन इकरम ने नीरव मोदी से पूछा कि क्या उसे किसी अन्य मुद्दे के बारे में कुछ कहना है।

### पाकिस्तान में लापता सेवानिवृत्त कर्नल रक्षा मंत्रालय की हिरासत में मिले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रावलपिंडी। पाकिस्तान में अचानक ही लापता हो जाने वाले लोगों की रिहाई के लिए आवाज उठाने वाले पूर्व कर्नल एक दिन अचानक खुद ही लापता हो गए। उनका मामला जब अदालत में पहुंचा तो वहां देश के रक्षा मंत्रालय ने माना कि सेवानिवृत्त कर्नल उसकी हिरासत में हैं। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिटायर्ड कर्नल का नाम इनाम–उर–रहीम है। वह वकील भी हैं। उनके लापता होने के मामले की सुनवाई लाहौर हाईकोर्ट की रावलपिंडी बेंच में हुई जहां रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इनाम उनकी हिरासत में हैं। रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अदालत को बताया कि इनाम को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। इनाम के वकील ने इस पर विरोध जताते हुए कहा कि रक्षा मंत्रालय या इससे संबंद्ध कोई संस्था उनके मुवक्किल को अपने पास नहीं रख सकती। अदालत ने सरकारी प्रतिनिधियों के रवैये के प्रति अपनी नाराजगी जताते हुए एडिशनल अटॉर्नी जनरल को अदालत में तलब किया है।


### पाकिस्तान में श्लापताश सेवानिवृत्त कर्नल रक्षा मंत्रालय की हिरासत में मिले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रावलपिंडी। पाकिस्तान में अचानक ही लापता हो जाने वाले लोगों की रिहाई के लिए आवाज उठाने वाले पूर्व कर्नल एक दिन अचानक खुद ही लापता हो गए। उनका मामला जब अदालत में पहुंचा तो वहां देश के रक्षा मंत्रालय ने माना कि सेवानिवृत्त कर्नल उसकी हिरासत में हैं। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

रिटायर्ड कर्नल का नाम इनाम–उर–रहीम है। वह वकील भी हैं। उनके लापता होने के मामले की सुनवाई लाहौर हाईकोर्ट की रावलपिंडी बेंच में हुई जहां रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि इनाम उनकी हिरासत में हैं। रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अदालत को बताया कि इनाम को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

इनाम के वकील ने इस पर विरोध जताते हुए कहा कि रक्षा मंत्रालय या इससे संबंद्ध कोई संस्था उनके मुवक्किल को अपने पास नहीं रख सकती।

अदालत ने सरकारी प्रतिनिधियों के रवैये के प्रति अपनी नाराजगी जताते हुए एडिशनल अटॉर्नी जनरल को अदालत में तलब किया है। रिटायर्ड कर्नल इनाम–उर–रहीम देश में लापता लोगों के मुकदमों में पैरवी कर रहे थे।




### सऊदी ने कंदील बलोच की हत्या के आरोपी भाई को पाक को सौंपा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। सऊदी अरब ने सोशल मीडिया सेलिब्रिटी कंदील बलोच की हत्या में वांछित उसके भाई को पाकिस्तान को सौंप दिया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, वह कुछ दिन पहले ही खाड़ी देश में गिरफ्तार किया गया था। कंदील बलोच उर्फ फौजिया अजीम की उसके भाई वसीम खान ने पंजाब प्रांत के मुल्तान स्थित घर में गत 15 जुलाई, 2016 को हत्या कर दी थी। इस सनसनीखेज हत्या से पाकिस्तान में ऑनर किलिंग को लेकर बहस छिड़ गई थी। वसीम ने अपनी 26 वर्षीय बहन की हत्या का आरोप स्वीकार कर लिया था।

## अमेरिका ने ईरानी जनरल को मारा ट्रंप ने जश्न में पोस्ट किया झंडा!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ईरान ने अपने वरिष्ठ कमांडर के मारे जाने की पुष्टि की है

वॉशिंगटन। ईरान के बाहुबली जनरल कासिम सुलेमानी के मारे जाने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कुछ अलग ही तरीके से श्जश्नश् मनाया है। सुलेमानी राष्ट्रपति ट्रंप के विरोधी माने जाते थे और कई मौकों पर ट्रंप को चेतावनी भी दी थी। इराक में अमेरिकी दूतावास पर ईरान समर्थित मिलिशिया के हमले के बाद ही ट्रंप ने तेहरान को कड़ी चेतावनी दी थी।

**वाइट हाउस ने जारी किया बयानः** वाइट हाउस ने बयान जारी कर कहा कि सुलेमानी लगातार अमेरिकी राजनयिकों और सेना पर हमले की योजना बना रहे थे। ट्रंप ने साल के पहले ही दिन ट्वीट कर ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था कि उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। इस चेतावनी के दो दिन बाद ही अमेरिका ने ईरान के इस शीर्ष जनरल को मार डाला है।

**ट्रंप का अमेरिकी झंडे के साथ जश्नः** इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सुलेमानी के मारे जाने के ठीक बाद अमेरिका का झंडा ट्वीट किया है। समझा जा रहा है कि ट्रंप ने इसके जरिए संदेश देने की कोशिश की है। बिना टेक्स्ट के किए गए इस ट्वीट में अमेरिका का झंडा दिख रहा है। पिछले साल से ही ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। अमेरिका ने ईरान पर कई पाबंदियां लगा रखी हैं।

**ईरान के बाहुबली जनरल थे सुलेमानीः** सुलेमानी ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी सेना की एक ताकतवर विंग श्कुद्स फोर्सश के मुखिया थे। यह फोर्स पश्चिम एशिया में कार्रवाई को अंजाम देता था।

**अमेरिका को थी सुलेमानी की तलाशः** अमेरिका जनरल सुलेमानी को अपना दुश्मन मानता था। अमेरिका ईरान के इस बाहुबली जनरल को काफी समय से अपने निशाने पर लेने की ताक में था।

### पाकिस्तान को यूएई से मिली 20 करोड़ डॉलर की मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पाकिस्तान में छोटे एवं मझोले उद्यमों के विकास के लिए 20 करोड़ डॉलर की सहायता दी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के वित्त सलाहकार ने यह जानकारी दी। अबू धाबी के शहजादे शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के पाकिस्तान दौर के एक दिन बाद यह घोषणा की गई। प्रधानमंत्री के वित्त सलाहकार अब्दुल हफीज शेख ने गुरुवार को कहा, इस पूंजी का उपयोग छोटे व्यवसायों को बढ़ाने और रोजगार सृजन में किया जाएगा। यह सहायता दोनों देशों के बीच बढ़ती मैत्री और आर्थिक संबंधों का प्रमाण है।श पाकिस्तानी अखबार डॉन की खबर के मुताबिक अल नाहयान ने उद्यम विकास खलीफा कोष (केएफईडी) से पाकिस्तान को 20 करोड़ डॉलर आवंटित करने का निर्देश दिया है।

यह पाकिस्तान सरकार को स्थिर और संतुलित अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। यात्रा के दौरान प्रिंस नाहयान ने प्रधानमंत्री इमरान खान से मुलाकात की और दोनों के बीच द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बातचीत हुई।